भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1771

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

1771. श्री चन्देश्वर प्रसादः

श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश में 3000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों के निर्माण के लिए भारतमाला परियोजना 2.0 शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतमाला 2.0 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में चिन्हित खंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या ओडिशा और बिहार सरकार ने भारतमाला/राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण खंडों को लेने का अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): अभी तक भारत सरकार द्वारा भारतमाला 2.0 के रूप में ऐसी कोई स्कीम अनुमोदित नहीं की गयी है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): भारत सरकार ने पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के (10,000 किमी शेष एनएचडीपी सड़क कार्य सहित) 34,800 किमी लंबाई के विकास हेतु 5,35,000 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय के साथ अक्तूबर, 2017 में भारतमाला परियोजना चरण-। के कार्यान्वयन को अनुमोदित किया है। इस कार्यक्रम के तहत, ओडिशा राज्य के लिए 11,101.46 करोड़ रु. की कुल लागत से लगभग 716 किमी औसत लंबाई के साथ 14 सड़क परियोजनाएं अनुमोदित की गई है और अक्तूबर, 2019 तक, बिहार राज्य के लिए 10,540.01 करोड़ रु. की कुल लागत से लगभग 472 किमी औसत लंबाई के साथ सात परियोजनाएं अनुमोदित की गई है।

*****